## समाजसेवी महिलाओं का सम्मान किया



इन्दौर। नेत्रदान, असहाय सेवा, गौ सेवा, श्रेष्ठ शाखा संचालन जैसे कार्यों के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी और प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी द्वारा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समाज इन्दौर द्वारा आयोजित सम्मेलन में कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## स्वर सुधा कराओके क्लब ने मधुर गीतों की सुरीली महफिल सजाई



इंदौर। स्वर सुधा कराओके क्लब ने जाल सभागृह में मधुर गीतों की एक सुरीली महफिल सजाई। राजेंद्र ओचानी और शुभी चौहान ने युगल गीत कभी रात दिन हम दूर थे गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। राकेश मालवीय ने रोते-रोते हंसना सीखो, नरेंद्र जादवानी ने मेरे दिल में आज क्या है सुधीर वर्मा ने एहसान तेरा होगा मुझ पर महेश पलोड ने खातून की खिदमत में और हीरु मोदी ने रोते हुए आते हैं सब, वीर चौहान और शुभी चौहान ने इक हसीना थी, गुरमीत सिंह होरा ने शीर्षक गीत चाँद आहें भरेगा सुनाया।

महेंद्र मिस्टी की युगल जोड़ी ने सावन का महीना पवन करे सौर और बाबू राजोरिया और शुभी चौहान ने मैं तो रस्ते से जा रहा था अपने अनोखे अंदाज में मिर्ची के साथ पेश किया। अंजना पुरोहित ने तू जहां जहां चलेगा, संजय चौहानिया ने दीदी तेरा देवर दीवाना अपनी पत्नी के साथ सुनाया। अशोक पांचाल ने ओ माझी रे गीत की प्रस्तुति दी। सदाबहार फिल्मी गीतों का यह कारवां देर रात तक चलता रहा। हर गीत पर खूब तालियां बजती और वंस मोर की आवाज आती रही। श्रोता आनंदित होते रहे। अंत में आयोजक राजेंद्र ओचानी ने सभी का आभार व्यक्त किया और शीघ्र ही एक और कार्यक्रम लाने का वादा सुधी श्रोताओं से किया।

## लायंस क्लब ने दीपक विभाकर नाईक को किया सम्मानित



इंदौर। विगत शनिवार को होटल अमर विलास में हुए एक भव्य समारोह में लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी के द्वारा दीपक विभाकर नाईक रक्तदीप को उनके द्वारा ऑन पेपर 144 बार पूर्ण रक्तदान,7 बार प्लेटलेट्स डोनेशन करने और रक्तदान के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से की जा रही निःस्वार्थ सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल ने ला.साधुप्रसाद नामदेव,क्लब अध्यक्ष ला.नीतू असाटी और चेयरपर्सन ला.दिलीप माटा की उपस्थिति में प्रदान किया। सम्मान के रूप में उन्हें माला, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी दीपक नाईक को स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अनेक संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## श्री तेली समाज विकास मंडल इंदौर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन

इंदौर। श्री तेली समाज विकास मंडल, इंदौर का 39वाँ वार्षिक स्नेह सम्मेलन दिनांक 26 जनवरी 2026 को क्लर्क कॉलोनी कम्युनिटी हॉल, इंदौर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं के लिए हल्दी-कुंकू, आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान तथा समाज के परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी समाज के संरक्षक राजेंद्र ठाकरे, मार्गदर्शक नरेंद्र चौधरी, अध्यक्ष पंकज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष, संदीप करंकार, प्रवीण बोरसे,एवं समाज के पदाधिकारी अतुल बोरसे, पुरुषोत्तम सोनवणे द्वारा दी गई।

### कार्टून कोना...




# तीसरा नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 23 जनवरी से

इंदौर। तीसरे नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 2026 की शुरुआत 23 जनवरी से होने जा रही है। तीन दिवसीय यह आयोजन 25 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर के ऑर्थोपेडिक सर्जन, जॉइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट्स, रेज़िडेंट डॉक्टर और रिसर्चर्स भाग लेंगे। कोर्स और कॉन्फ्रेंस हिप सर्जरी, ट्रॉमा केयर, आधुनिक तकनीकों और उभरती प्रैक्टिस पर केंद्रित होगी।



इंडोकॉन में पहली बार इंदौर में लेटेस्ट टेक्निक और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता एक साथ देखने को मिलेगी। कैडेवर कोर्स में 100 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे और इंग्लैंड, साउथ कोरिया और कनाडा से तीन इंटरनेशनल फैकल्टी रहेंगी। यह हिप सर्जरी सीखने के किसी भी स्थानीय आयोजन में सबसे बड़ी भागीदारी होने जा रहा है।

कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन डॉ. हेमंत मंडोवरा ने कोर्स और कॉन्फ्रेंस के बारे में कहा कि इन तीन दिनों में शहर की ऑर्थोपेडिक और सर्जिकल फील्ड की बढ़ती हुई क्षमता देखने को मिलेगी। हमारा फोकस 'हिप प्रिज़र्वेशन' पर रहेगा, जो युवा मरीजों में प्राकृतिक जोड़सुरक्षित रखने में मदद करती हैं।

इसके अलावा कॉम्प्लेक्स हिप रिप्लेसमेंट, रिवीज़न आर्थ्रोप्लास्टी और रोबोटिक सर्जरी पर भी सेशन्स रखे गए हैं। संक्षेप में कहें तो यह सम्मेलन सिर्फ अकादमिक चर्चा का मंच नहीं, बल्कि स्किल और टेक्नॉलॉजी के ट्रांसफर का मौका भी है।

इसके साथ ही एआई आधारित हिप सर्जरी टेक्निकपर एक सत्र आयोजित होगा, जिसमें 3डी प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग, इमेज-बेस्ड एनालीसिस, वर्चुअल मॉडलिंग और नेविगेशन सिस्टम का उपयोग किस तरह सर्जरी को अधिक सटीक, सुरक्षित और मरीज-केंद्रित बनाता है–इस पर विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे।

प्रैक्टिकल डिमॉन्स्ट्रेशन में आधुनिक सर्जिकल उपकरणों, इम्प्लांट, नई प्रक्रियाओं का वास्तविक उपयोग दिखाया जाएगा ताकि प्रतिभागी तकनीक की बारीकियों को नजदीक से समझ सकें।

इन सभी कारणों से इस बार यह अधिक व्यापक, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन और अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनने जा रहा है।

# स्वास्थय से बड़ा कोई दूसरा दोस्त नहीं है

### विशाल स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर मे 600 लोगो के स्वास्थ्य की जांच की

इंदौर। स्वास्थ्य हमारा सबसे बड़ा और अच्छा दोस्त है। हम उसकी रक्षा करे। हमेशा संतुलित और पौष्टिक भोजन ही ग्रहण करे। देर रात्रि को भोजन करने से बचे। रोजाना योग करे। अच्छी नींद ले। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड् फूड खाने से बचे। मादक पदार्थो का कभी सेवन नहीं करे।



ये विचार विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञयों के हैं, जो उन्होंने विशाल स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर में कहे। आयोजन संत प्रीतमदासजी के 102वे जन्मोत्सव के मौके पर प्रीतमदास सभाग्रह में किया गया था। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक भगवानदास कटारिया ने बताया कि विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर में आँख, नाक, कान, गले, छाती, पेट, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड आदि बीमारियों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही चिकित्सा परामर्श दिया गया। डॉ. एच. बी. वाधवानी ने बताया कि जिन लोगो को मोतियाबिंद है उनका आपरेशन भी किया जायेगा और उन्हे चश्मे भी वितरित किये जायेंगे।

वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू ने बताया कि शिविर में सेरेबल पाल्सी, माइग्रेन, घुटनों के दर्द, कमर के दर्द, लकवा, गठिया, स्लीप डिस्क आदि बीमारियों के मरीज आये थे उनको फिजियोथेरेपी चिकित्सा के माध्यम से उपचार किया गया। डॉ. साहू ने कहा कि सर्दी के मौसम का हमारे शरीर पर भी प्रभाव पड़ता है। जोड़ो मे दर्द की पुरानी समस्याएँ अधिक परेशान करने लगती है, इसलिए वरिष्ठ लोगो को एकदम सुबह जल्दी घूमने से बचना चाहिए। गर्म पानी से ही नहाना चाहिए।

शिविर में 600 मरीजो के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में डॉ. जसबीर सिंह कठपाल, डॉ. रवि डोसी, डॉ. आकाश तिवारी, डॉ. सुबीर जैन, डॉ. राजेश कटारिया, डॉ. ऋजुजा पुरस्वानी, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. सन्नी बेहरवानी,डॉ. राजेंद्र पंजाबी, डॉ. विनय नीचानी, डॉ. राजेश जैन, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. ओपी अग्रवाल, डॉ. कमलेश बडोनिया , फिजियो थेरेपिस्ट डॉ. आस्था सोनी, डॉ. कृति गादिया आदि चिकित्सको ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी।

## 26 जनवरी मौलिक अधिकार दिवस के रूप में मनाया जायेगा - सुद्रास




इंदौर। नंदनी महिला सेवा संस्थान संचालक मंडल प्रभारी सिमा राठौर, संध्या पथरोडं, मीना चंदेरिया, किरण वर्मा ने बताया की नंदनी महिला सेवा संस्थान प्रदेश अध्यक्ष रंजनाताई सुद्रास कि अध्यक्षता में एवं संहयोजक संदीप गोयल के संहयोजन में विधायक गोलु शुक्ला के मार्गदर्शन में 26 जनवरी को भारत रत्न डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा लिखित भारतीय संविधान को सांसद में 29 नवंबर 1949 को पेश किया गया था उसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस दिवस मनाया जाता है।

26 जनवरी को सुबह 11 बजे बापू नगर भंवर कुंआ, मेन रोड इंदौर मे मनाया जायेगा जिसको सफल बनाने की अपील नीलू जगताप, शोभा पंवार,राज यादव मनोरमा धनोदिया ललिता खराटे अनिता उदेरिया मीना गुप्ता पुजा पाडले लक्ष्मी पाडले लक्ष्मी रणपिसे मोना गागोले माया चौहान लक्ष्मी हैरोडे कुसुम तायडे सिमा इंगले आशा सावडे किरण गोयल रेखा अंजना भुमिका बामनिया ज्योती वर्मा एनी वर्मा नंदनी सुद्रास त्रिवेणी बामनिया प्रमिला इंगले पुजा मंडलोई सुरेखा मोरे काजल तायड़े ने की हैं।

## शब्द मंत्र ने किया नूतन वर्ष का काव्यात्मक अभिनन्दन



इंदौर (निप्र)। साहित्यिक संस्था शब्द मंत्र ने स्टूडियो अनस्पॉकन के सहयोग से गत दिवस एक रचनात्मक काव्य गोष्ठी का निज परिसर में आयोजन किया जिसमें रचनाकारों ने अपने विविध वर्णी काव्य पुष्पों से नूतन वर्ष का सहर्ष अभिनंदन किया। शिक्षाविद डॉ. इसरार ख़ान साहब की अध्यक्षता में आयोजित साहित्यिक गोष्ठी का सुनियोजित संचालन कवि -शाइर दिनेश दानिश ने किया।

साहित्यिक गोष्ठी में काव्य की विभिन्न विधाओं कविता, मुक्तक, ग़ज़ल, नज़्म एवं गीत प्रस्तुत कर रचनाकारों ने अपने लेखन एवं प्रस्तुति का परिचय दिया। शब्द मंत्र द्वारा आयोजित नव वर्ष के प्रथम काव्यात्मक समागम में वरिष्ठ शाइर श्री बालकराम शाद, ओमप्रकाश जोशी बब्बू, मुश्ताक़ अंसारी, डॉ. वासिफ़ काज़ी, डॉ. अजय ढींगरा, राजेश रामनगीना, सुधीर अपेक्षित,मदन अग्रवाल, अरविन्द त्रिवेदी, हरजीत सिंह, कवि अंबर, गौरव अग्रवाल मन, दिनेश दानिश, कवयित्री निधि दीक्षित एवं अन्य नवोदित रचनाकार बंधुओं ने अपने काव्य पाठ से गोष्ठी को प्रेरक एवं अविस्मरणीय बना दिया। आभार गौरव अग्रवाल ने व्यक्त किया। यह जानकारी मीडिया प्रमुख साहित्यकार डॉ.वासिफ़ काज़ी ने प्रदान की।

# महाशिवरात्रि पर इंदौर में नीम करौली बाबा आश्रम निर्माण का शुभारंभ

इंदौर। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी इंदौर में नीम करौली बाबा के आश्रम के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. अजय शुक्ला सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



आश्रम निर्माण में डॉ. अजय शुक्ला के मित्र, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री राजेंद्र महाजन का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। श्री महाजन के अनुसार, इस शुभ अवसर पर न्यायपालिका से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्ति भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

प्रस्तावित आश्रम को आत्मनिर्भर (सेल्फ डिपेंडेंट) बनाने की योजना के तहत इसके कुछ हिस्सों में ऐसा निर्माण किया जाएगा, जिन्हें विक्रय अथवा किराये पर देकर आश्रम के संचालन एवं रखरखाव का खर्च निकाला जा सकेगा। इससे भविष्य में आश्रम को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि 20 जून 2023 को इस संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था, जब डॉ. अजय शुक्ला स्वयं नीम करौली बाबा के मुख्य पुजारी से आशीर्वाद लेकर लौटे थे। उस समय भी आश्रम निर्माण को लेकर विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की गई थी।

महाशिवरात्रि के दिन होने वाला यह शुभारंभ कार्यक्रम आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) द्वारा संगठन विस्तार



इंदौर। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) द्वारा संगठन विस्तार एवं किसान हितों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव की अनुशंसा पर तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों शैलेन्द्र पटेल एवं चंदनसिंह बड़वाया की सहमति से सुभाष राठौर, पिता भगवान सिंह राठौर, निवासी ग्राम भगोरा, तहसील महू, जिला इंदौर को संगठन में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। सुभाष राठौर लंबे समय से किसान एवं ग्रामीण समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं और किसानों के अधिकारों, उनकी फसल, भूमि, सिंचाई, बीमा एवं समर्थन मूल्य जैसे विषयों पर निरंतर संघर्ष करते रहे हैं। संगठन को विश्वास है कि उनके अनुभव एवं सक्रिय भूमिका से जिले में किसानों और मजदूरों को मजबूती मिलेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा।

# आखिर क्यों होते हैं यह युद्ध? साहित्यिक गोष्ठी मे रचना पाठ से प्रखर हुआ प्रश्न

इंदौर। मध्यप्रदेश लेखक संघ इंदौर इकाई तथा श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के संयुक्त तत्वधान मे आयोजित मासिक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन हिन्दी साहित्य समिति के पुस्तकालय सभाकक्ष मे हुई।



इस साहित्यिक गोष्ठी मे साहित्यकारों ने समसामयिक विषयों पर रचना पाठ की प्रस्तुति देते हुए अपने विचारों को अभिव्यक्त किया। सर्वप्रथम डॉ दीप्ति गुप्ता ने अपनी स्वरचित सरस्वती वंदना को मधुर वाणी मे प्रस्तुत कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। तत्पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम बाजपेयी ने नालंदा विश्वविद्यालय मे आयोजित विश्व हिन्दी सम्मेलन के अपने संस्मरण प्रस्तुत को प्रस्तुत किया।

दिनेश दवे ने नववर्ष का अभिनंदन करते हुए कविता मे कहा-

सुबह-सुबह सूरज देवता ने सौगात दिया। 365 दिन का लिफाफा सौगात दिया।

सुरेन्द्र व्यास सरल ने तरन्नुम मे गजल प्रस्तुत करते हुए कहा-

हर घड़ी सिर्फ मुस्कुराने का, ये है अंदाज़ गम को छुपाने का।

दिनेश तिवारी उपवन ने काव्य रचना मे कहा-

जब भी चाहा खोल दूँ झरोखे। अँधेरों ने मुझे दिये बार-बार धोखे।

डॉ छाया गोयल ने अपनी कविता मे चिंता व्यक्त करते हुए कहा-

आखिर क्यों होते हैं यह युद्ध? क्यों नहीं पूछते--

स्त्री से, सृष्टि निर्मात्री से संहार करने से पहले।

डॉ दीप्ति गुप्ता ने कविता मे पिता के वात्सल्य को दर्शाते हुए कहा–

कुछ पिता माँ से भी प्यारे होते हैं।

निराली होती है उनकी बेटियाँ, वे जग से न्यारे होते हैं।

दीपक शिरालकर ने लघुकथा द्वारा वृद्धाश्रम पर मार्मिक रचना प्रस्तुत की

सुधीर लोखण्डे ने अपनी रचना मे कहा-

अस्तित्व ही उसका असली कार्य नहीं। इस देश से जिसका सरोकार नहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने कहा-

उनकी उठी अंगुली मेरी तरफ नहीं आती। शायद मुझे भी अपनी कमी नज़र नहीं आती।

कार्यक्रम का संचालन इंदौर इकाई के सचिव सन्तोष मोहन्ती ने किया।

## 23 पुस्तकें प्रकाशित कर अनूठा कीर्तिमान बनाया

इंदौर (जितेंद्र शिवहरे)। वर्ष 2025 में जितेंद्र शिवहरे की 23 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है।

दिल्ली की व्हाइट मार्कर पब्लिशिंग हाउस ने छापी है जितेंद्र शिवहरे को सभी 23 पुस्तकें 21 दिसम्बर 2025 को दादा साहब मोघे ने इंदौर में इन सभी 23 पुस्तकों का विमोचन किया गया था।

एक वर्ष में सर्वाधिक प्रकाशित पुस्तकें विमोचित कर श्री शिवहरे ने एक अनूठा कीर्तिमान बनाया है। उनकी इस उपलब्धि पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिवहरे को शुभकामनाएं दी है।